


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 08 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 190 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# युद्ध विराम : भारत को बड़ा झटका!

## पाकिस्तान की मध्यस्थता और चीन के दखल से रुकी जंग, भारतीय विदेश नीति का बंटाधार

- दोनों देशों की 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में निर्णायक बातचीत
- होर्मुज स्ट्रेट से तेल, गैस और अन्य जहाजों की सुरक्षित आवाजाही का ईरान ने दिया आश्वासन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** गुजरे मंगलवार की रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को पूरी तरह खत्म कर देने की दी गयी धमकी की समय सीमा जैसे-जैसे समय सीमा समाप्त हो रही थी, पूरी दुनिया की धड़कनें बढ़ती जा रही थी। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा दी गयी सीमा के चंद मिनट पहले ही दो हफ्ते के लिए युद्ध विराम की घोषणा हो गयी। इस युद्ध विराम का भारत के लिए सबसे बड़ा झटका यह रहा कि अमेरिका और ईरान दोनों ने इस युद्ध विराम का श्रेय पाकिस्तान को दिया। दरअसल रात 12.46 मिनट पर अनौपचारिक तौर से चल रही वार्ता के आधार पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ट्रंप



और ईरान से दो हफ्ते के लिए युद्ध रोकने के लिए एक ट्वीट किया जिसके जवाब में भारतीय समयानुसार भोर में 4.02 मिनट पर ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रूथ पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहवाज़ शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ बातचीत के बाद मैं आज रात से ईरान पर हमला रोक रहा हूं। ट्रंप के इस सोशल मीडिया पोस्ट के चंद मिनटों के बाद ही ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल मुनीर के प्रति आभार जताते हुए इस युद्ध विराम पर सहमति जतायी। अमेरिका और ईरान द्वारा इस युद्ध विराम में पाकिस्तान को इस कदर अहमियत दिए जाने पर भारत की बड़ी राजनयिक हार माना जा रहा है। इस युद्ध विराम की घोषणा के कुछ पलों के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अमेरिका और ईरान को मसले पर निर्णायक बातचीत के लिए 10 अप्रैल इस्लामाबाद आमंत्रित किया है। गौरतलब यह भी है कि इस पूरे मामले में चीन की भी अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी अहम भूमिका बतायी जा रही है। यह डील पाकिस्तान की मध्यस्थता और आखिरी समय में चीन के दखल के बाद ही संभव हो पाई। पाकिस्तान ने 2 हफ्ते के सीजफायर का प्रस्ताव रखा था, जिसे ईरान ने स्वीकार कर लिया। समझौते के तहत अमेरिका और इजराइल अपने हमले रोकेंगे। ईरान भी हमले बंद करेगा। इस दौरान होर्मुज स्ट्रेट से तेल, गैस और अन्य जहाजों की सुरक्षित आवाजाही ईरानी सेना की मदद से सुनिश्चित की जाएगी। यह सीजफायर लेबनान समेत अन्य क्षेत्रों पर भी लागू होगा। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच 10 अप्रैल को औपचारिक बातचीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुरू होगी। वहीं ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने दावा किया है कि अमेरिका ने उसका 10 पॉइंट प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। काउंसिल के मुताबिक यह समझौता ईरान की शर्तों पर हुआ है और इसे देश की जीत बताया है।

# महंगाई में उछाल का खतरा बरकरार

- फिलहाल रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, लोन भी नहीं होंगे महंगे, 'रुको और देखो' की नीति अपना रही आरबीआई



**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और EMI भी नहीं बढ़ेगी। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। RBI ने आखिरी बार दिसंबर 2025 में ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत की थी। RBI जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब RBI रेपो रेट घटाता है तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक पहु-ंचाते हैं। RBI गवर्नर के मुताबिक, महंगाई में फिर से उछाल आने का खतरा अभी टला नहीं है। खराब मौसम और बेमौसम बारिश की वजह से फल, सब्जियों और अनाज की कीमतों में बढ़ोतरी होने की आशंका है। ईरान-इजरायल जंग की वजह से सप्लाई चैन पर बुरा असर पड़ रहा है। RBI अभी 'रुको और देखो' की नीति अपना रही है। ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल को देखते हुए आरबीआई जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहता। बैंक अभी दुनिया भर के आर्थिक हालातों पर नजर रखना चाहता है। इसी वजह से ब्याज दर में बदलाव नहीं किया गया।

## सीजफायर के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल, रुपया मजबूत



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया से आई शांति की खबर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था सहित भारतीय शेयर बाजार में नई जान फूंक दी है। अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के सीज़फ़ायर और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज़ जलडमरूमध्य Strait of Hormuz को फिर से खोलने के फैसले ने निवेशकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। आज बुधवार को बाजार खुलते ही दलाल स्ट्रीट पर चारों तरफ 'हरियाली' नज़र आई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 2,700 से अधिक अंकों का उछाल दिखा। वहीं, दूसरी ओर निफ्टी 815 अंकों की तेजी के बाद 23,900 के पार पहुंच गया। आज आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले भी आने हैं। बाजार में निवेश करने वाले लोगों की नजर इस पर भी बनी रहेगी।

## नहीं रहीं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। मोहसिना किदवई का निधन नोएडा के मेट्रो अस्पताल में बुधवार की सुबह हुआ। उनके दामाद रजीउर रहमान किदवई ने बताया कि वह उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थीं। उन्होंने बताया कि निजामुद्दीन के कब्रिस्तान में शाम करीब पांच बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। किदवई पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, जिन्होंने राजीव गांधी की सरकार में महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाला था। वे समय-समय पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों की सदस्य रह चुकी हैं।

## अदाकारा जरीन खान की मां का इन्तकाल

**मुम्बई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान और सना खान की मां परवीन खान का बुधवार को मुंबई में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। इस बात की जानकारी जरीन खान की टीम ने दी। आज सुबह वर्सोवा में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर घोटाले में क्रिश्चियन मिशेल की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर घोटाले के आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की याचिका बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि मिशेल कि रिहाई कि अर्जी को खारिज करने के ट्रायल कोर्ट में आदेश में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है क्योंकि उन्होंने अधिकतम सात साल की सजा काट ली है। याचिका में कोई मेरिट नहीं है और इसे खारिज किया जाता है। मिशेल ने तर्क दिया था कि उन्हें केवल आइपीसी की धारा 120बी, 415 और 420 के तहत अपराधों के लिए प्रत्यर्पित किया गया था, जिनमें अधिकतम 7 साल की सजा है, लेकिन उन्हें मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत भी आरोपित किया जा रहा है।

## असम, केरल और पुडुचेरी में कल मतदान



**नई दिल्ली।** केरल, असम और पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर मंगलवार शाम छह बजे थम गया। अंतिम दिन शीर्ष दलों के नेताओं ने जमकर चुनाव प्रचार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत डीएमके नेता व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रचार की कमान संभाली। तीनों राज्यों में बृहस्पतिवार को सुबह 7 बजे से मतदान होगा। असम में 126 सीट, केरल में 140 और पुडुचेरी में कुल 30 सीटें हैं। असम में 2.50 करोड़ मतदाता व 722 उम्मीदवार हैं। केरल में 890 उम्मीदवार व 2.71 करोड़ मतदाता हैं। वहीं, पुदुचेरी में कुल 294 उम्मीदवार हैं। यहां 9.44 लाख मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नामांकन दाखिल किया।




# परम्परा को अंधविश्वास नहीं कहा जा सकता

## सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर बड़ी अदालत में सुनवाई जारी

- सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की संविधान बेंच 22 अप्रैल तक 50 से ज्यादा याचिकाओं पर सुनवाई करेगी




**नई दिल्ली।** धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई जारी रही। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- कोई सेक्युलर अदालत किसी धार्मिक प्रथा को सिर्फ अंधविश्वास नहीं कह सकती, क्योंकि उसके पास ऐसा तय करने की विशेषज्ञता नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो चीज नगालैंड के किसी समुदाय के लिए धार्मिक हो सकती है, वही मेरे लिए अंधविश्वास लग सकती है। हमारा समाज बहुत विविधतापूर्ण है, यहां अलग-अलग लोग, धर्म और मान्यताएं हैं। ऐसे में अदालत के लिए ऐसा फैसला देना खतरनाक हो सकता है। धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव का मामला बीते 26 सालों से देश की अदालतों में हैं। 2018 में, 5 जजों की बेंच ने 4:1 के बहुमत से मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। इसके बाद कई पुनर्विचार याचिकाएं दायर की गईं। सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की संविधान बेंच 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक 50 से ज्यादा याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। कोर्ट में रिव्यू पिटीशनरों और उन्हें सपोर्ट करने वाले 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक, जबकि विरोध करने वाले 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक दलीलें दे सकेंगे। अनुच्छेद 25(1) के तहत मिले अधिकार को अनुच्छेद के आरंभिक शब्दों में ही सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता, स्वास्थ्य और संविधान के भाग III के अन्य प्रावधानों के अधीन कर दिया गया है। ये तीनों शब्द, अर्थात् व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य, 'सार्वजनिक' शब्द से परिभाषित हैं। 10 से 50 साल की आयु वर्ग की महिला श्रद्धालुओं को सबरीमाला मंदिर में प्रार्थना करने के लिए प्रवेश की अनुमति देने से न तो सार्वजनिक व्यवस्था और न ही सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे में पड़ेगा।

जनमुख
हिन्दी दैनिक
City लाइव
● तापमान अधिकतम : 36.7°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 08 अप्रैल, बुधवार, 2026 (3)





राजीव गांधी दक्षिण परिसर में एआई आधारित होटल प्रबंधन पर कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक व छात्र

जनमुख डेस्क

## मौसम में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

**वाराणसी।** वाराणसी में लगातार मौसमी बदलाव का दौर जारी है। रह रहकर हो रही बरसात और बूंदाबांदी का असर रहने से मिला-जुला मौसम बना हुआ है। पछुआ का जोर होने से लू की स्थिति नहीं बन पा रही है। दिन में धूप दिन चढ़ने के बाद वातावरण में हवाओं का साथ मौसम का मिजाज बेहतर बनाए हुए है। प्री मानसूनी बरसात का दौर लगभग 50 दिन में शुरू हो जाएगा। इसके बाद मानसून राहत देगा। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में आर्द्रता मिलने पर बारिश का रुख भी हो रहा है। बुधवार की सुबह भी वातावरण में बादलों की सक्रियता बनी रही। बादलों की आवाजाही के बीच गर्मी का असर नदारद रहा। ठंडी हवाओं संग रात से ही रह रहकर चल रही तेज हवाओं ने लोगों को राहत दी है।

# बिना मान्यता वाले शिक्षण संस्थानों की खैर नहीं

## स्कूल और कोचिंगों की बनायी जा रही लिस्ट, 18 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**● 30 अप्रैल तक तलब की गयी रिपोर्ट, दोषी पाए जाने पर मुकदमा, जुर्माना और संस्था बंद करने की कार्रवाई**





वाराणसी। उत्तर प्रदेश में अब अनधिकृत स्कूलों और प्राइवेट कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर बड़ी कार्रवाई होगी। हाईकोर्ट के आदेश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने सभी जिलों में 6 से 18 अप्रैल तक विशेष निरीक्षण अभियान चलाने का निर्देश दिया है। बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों और कोचिंगों पर शिकंजा कसा जाएगा। मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट की जनहित याचिका संख्या 542/2024 से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि बिना वैधानिक मान्यता के स्कूल-कोचिंग चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। परिषद के सचिव ने 5 अप्रैल पत्र जारी कर सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभियान को सख्ती से चलाए और बिना मान्यता वाले स्कूल–कोचिंग पर कार्रवाई करें। जिले स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में गठित समिति ऐसे स्कूल व कोचिंगों की जांच करेगी। हर महीने इसकी रिपोर्ट मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेजेगी। दोषी पाए जाने पर कोर्ट में मुकदमा, आर्थिक दंड और संस्था बंद करने की कार्रवाई होगी। 30 अप्रैल 2026 तक पूरी रिपोर्ट परिषद को भेजनी अनिवार्य की गई है। लापरवाही पर कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है। परिषद सचिव ने पत्र में लिखा है कि बिना मान्यता के स्कूल चलाना शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 का उल्लंघन है। प्रदेश में सिर्फ मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही कोचिंग संचालित हो सकते हैं। अनधिकृत संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को दूसरे स्कूल में भर्ती करने की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारियों पर होगी।

## सपा व्यापार-सभा प्रदेशाध्यक्ष की भाभी समेत पांच परिजन गिरफ्तार

**● कोडीन केस में प्रदीप के रिश्तेदारों की भूमिका, वैभव की पत्नी करती थी मनी लॉन्ड्रिंग**



**वाराणसी।** देश भर चर्चित वाराणसी के कोडीन कफ सिरप केस में समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के भतीजे वैभव जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद नई परतें खुलने लगी है। केस में प्रदीप के भतीजे वैभव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी पत्नी और मां समेत पांच महिलाओं को भी मनी लांड्रिंग में संलिप्त पाया। इन महिलाओं के नाम पर कोडीन कफ सिरप से आनी वाली कमाई से शराब ठेके खोले गए थे। कोतवाली पुलिस ने वैभव जायसवाल की मां, पत्नी सहित पांच महिलाओं को पकड़ा था। पुलिस ने इन्हे देर रात न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने रिमांड के लिए पेश किया। बता दें कि इससे पहले प्रदीप जायसवाल का फोटो कफसिरप माफिया शुभम जायसवाल के साथ भी सामने आया था, तब से उसके पूरे परिवार और रिश्तेदार पुलिस की रडार पर हैं। वहीं सपा नेता के कई रिश्तेदार भी शिकंजे में फंसते नजर आ रहे हैं। केस में पहली बार महिलाओं की गिरफ्तारी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## चाणक्य छात्रावास में दरोगा ने की मारपीट लंका थाने में मुकदमा

वाराणसी। बीएचयू के चाणक्य छात्रवास में रह रहे बीए एलएलबी छात्र प्रशांत राज की शिकायत पर एसआई मनोज कुमार निवासी कानपुर, मोहित कुमार और प्रशांत कुमार बीए एलएलबी के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने और गाली- गलौज सहित अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि आरोपी चाणक्य छात्रवास में धोखे से घुस गए और प्रशांत व उनके दोस्त हर्ष के ऊपर हथियार से हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले में सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं हैं। आरोपी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पूरी घटना छात्रवास में लगे सिसीटीवी में कैद हो गई है। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है। मामले में पुलिस ने बताया कि हर्ष और प्रशांत कुमार दोनों छात्रवास के कमरा नंबर 72 में रहते हैं और रूम पार्टनर हैं। आपस में दोनों में कई दिनों से विवाद था। उसी दौरान प्रशांत ने अपने भाई एसआई मनोज कुमार को बुलाया और दोनों में गाली गलौज के साथ ही मारपीट शुरू हो गई। दरोगा कानपुर के कलेक्टर गंज थाने में तैनात है।

## रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी ने बढ़ायी किसानों की मुसीबत

**● गेहूं की कटाई और मड़ाई में आ रही मुश्किलें**

**वाराणसी।** हरहुआ में बुधवार सुबह से मौसम ने अचानक करवट बदल ली। हल्की बारिश और बादलों की आवाजाही ने हरहुआ ब्लॉक के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय गेहूं की फसल कटाई और मड़ाई के दौर में है, ऐसे में बारिश किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। सुबह से हो रही रुक-रुक कर बूंदाबांदी के कारण खेतों में रखी गेहूं की फसल भीगने लगी है। इससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ने की आशंका है। ब्लॉक के उंदी, सरसवा, जयपार, बिरापट्टी, पयागपुर, मोहनपुर, वार, अमावर, चन्दीपट्टी, काजिसराय, नरायनपुर और गड़वा समेत सैकड़ों गांवों में यही स्थिति बनी हुई है। खेतों में कटे हुए गेहूं की बालियां भीग रही हैं, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। प्रयागपुर के किसान पिंटू पांडेय और आजाद गुरु ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार हल्की बारिश हो रही है, जिससे फसल को सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। वहीं बिरापट्टी के जय प्रकाश और ललित पटेल का कहना है कि मौसम की बेरुखी से मड़ाई का काम प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द मौसम साफ नहीं हुआ तो भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## अब ड्रोन से किया जाएगा नालों पर अतिक्रमण व गदंगी का सर्वे



**● महापौर और नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण**

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर निगम आगामी बरसात के मौसम में शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने के लिए की तैयारी में जुटा हुआ है । इस क्रम में मंगलवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने वार्ड संख्या 59 (रमरेपुर), वार्ड संख्या 56 (लालपुर मीरापुर बसही) और वार्ड संख्या 41 (अकथा) का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान नालों की बदहाल स्थिति व अतिक्रमण देख महापौर ने ड्रोन सर्वे के माध्यम सीमांकन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण की शुरुआत रमरेपुर वार्ड के काली मंदिर से भक्ति नगर रोड स्थित नाले से हुई। यह नाला शांतिपुरम कॉलोनी होते हुए वरुणा नदी में गिरता है। इसके बाद महापौर व नगर आयुक्त अकथा वार्ड स्थित नरोखर नाला पहुंचे। अशोक इंस्टीट्यूट के पास स्थित इस नाले की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई।

## 100 वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए 'संतुलन के विज्ञान' का अनावरण



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, यमिनी इनोवेशन वेलनेस सेंटर और एस.आर.एस.एन.टी. (SRSNT) मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रभावशाली स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। वाराणसी के करौंदी स्थित महामना नगर कॉलोनी (प्लॉट संख्या 6) में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों को बी.एम.आई. (BMI), बी.पी. और शारीरिक प्रकृति के आधार पर उनके स्वास्थ्य जोखिमों की जानकारी दी गई और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव का मार्ग बताया गया। शिविर में आए लोगों की जांच के बाद उन्हें उनकी प्रकृति के अनुसार 18 प्रकार के 'विरुद्ध आहार' से बचने की सलाह दी गई। इस अवसर पर शरीर की शुद्धि के लिए पंचकर्म और नेचुरोपैथी के महत्व को भी समझाया गया। कार्यक्रम में अन्य विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। प्रो. एस.एन. ओझा (सेवानिवृत्त उप-प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, हंडिया) ने एकीकृत स्वास्थ्य दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। डॉ. राम वर्मा (माता आनंदमयी अस्पताल) और एन.के. गुलाटी (योग विशेषज्ञ) ने शारीरिक व्यायाम और मानसिक संतुलन के समन्वय पर जोर दिया। संचालन और आयोजन रसिक मोहन पांडेय द्वारा किया गया।

## घंटों धधकती रही आग, बुझाने नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी

**वाराणसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के लाट भैरव मंदिर के पास राम लक्ष्मण जानकी बाग में कबाड़ की दुकान चलाने वाले नंदलाल जायसवाल कज्जाकपुरा क्षेत्र में ही रहते है। रात को दुकान बंद करने के बाद अपने घर पहुंचे ही थे कि आसपास के लोगों ने फोन करके सूचना दी कि आपके दुकान में आग लग गई है। आनन फानन में मौके पर बेटे मनीष जायसवाल के साथ पहुंचे। उसके पहले ही गोदाम पर देखा तो आसपास के लोग पाइप और बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। घंटो आग धधकती रही बगल में रेलवे के काम के लिए लगी जेसीबी कुछ देर तक आग पर मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया और रास्ते का हवाला देकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने नहीं पहुंची। अगर चाहती तो छोटी गाड़ी भेज कर आग बुझाया जा सकता था। लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

## तीन इंजीनियरों को प्रतिकूल प्रविष्टि, कार्यों में विलंब पर काली सूची में डाले जाएंगे 22 ठेकेदार



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सीएम ग्रिड योजना के तहत सिगरा क्षेत्र में सड़क निर्माण में बरती गई घोर लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अवर अभियंता (जेई), सहायक अभियंता (एई) और अधिशासी अभियंता की जवाबदेही तय करते हुए तीनों इंजीनियरों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीएम ग्रिड योजना के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान महापौर ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा में किसी भी तरह की लेट-लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ग्रिड योजना के तहत घंटी मिल सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कार्य हर हाल में 30 मई तक पूरा होना चाहिए। हालांकि औरंगाबाद रोड का कार्य जून तक खिंचने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही वर्ष 2023 में टेंडर होने के बावजूद अब तक शुरू न हो सके 22 कार्यों को भी महापौर ने गंभीरता से लिया। उन्होंने ऐसी फर्मों और ठेकेदारों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश दिया।




## राजीव गांधी दक्षिण परिसर में एआई आधारित होटल प्रबंधन पर कार्यशाला

**● छात्रों और शिक्षकों ने की भागीदारी**



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** राजीव गांधी साउथ कैंपस, बी.एच.यू. में मंगलवार का दिन विद्यार्थियों के लिए कुछ खास रहा, जब व्नेक्सोरा लक्ज़री एस्टेट (Vnexora Luxury Estate) के सहयोग से 'पारंपरिक होटल को आधुनिक नेक्स्ट-जनरेशन (Next-Gen) एआई होटल में बदलने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का कार्यान्वयन' विषय पर एक रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर इंचार्ज डॉ. बी. एम. एन. कुमार और कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. आर. एस. मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यशाला में छात्रों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। मुख्य वक्ता के रूप में Vnexora Luxury Estate के संस्थापक एवं सीईओ, साथ ही आईआईटी (बीएचयू) के पूर्व छात्र, विनीत मिश्रा ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला के दौरान छात्रों को आतिथ्य क्षेत्र में एआई के बढ़ते प्रभाव, डिजिटल बदलाव और भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा, इंटर्नशिप और प्री-प्लेसमेंट ऑफर जैसे अवसरों पर भी चर्चा की गई।

## महानगर युवा कांग्रेस की 35 सदस्यीय नई कमेटी को मिली आधिकारिक मंजूरी

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (पूर्वी जोन) द्वारा शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व की स्वीकृति के पश्चात महानगर युवा कांग्रेस, वाराणसी की नई कमेटी का औपचारिक गठन एवं घोषणा कर दी गई है। राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी की स्वीकृति से राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विवेक यावगल तथा प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस विशाल सिंह के अनुमोदन पर यह 35 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### चार बांग्लादेशी विदेशियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

**मीरजापुर।** क्रेशर प्लांट पर काम करने वाले चार बांग्लादेशी विदेशियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया तथा शहर कोतवाली अंतर्गत वाहन चोरी करने वाले चार अभियुक्तों को भी चोरी के सामान सहित कोतवाली शहर की पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार किया।

जनपद की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस लाइन के सभागार में पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि जनपद में अवैध रूप से फर्जी आधार कार्ड बिहार के ग्राम दसौती पोस्ट सौधी, कैमूर बिहार से बनवाकर चार व्यक्ति प्रदीप सिंह के क्रेशर प्लांट पर अपना वास्तविक नाम छुपा कर काम कर रहे थे। इन व्यक्तियों का नाम शब्बीर हुसैन पुत्र मोहम्मद समसुल हक एवं इसका भाई मोहम्मद साबूज हुसैन निवासी दिनाजपुर थाना पिपरगंज जिला ठाकुरगंज बांग्लादेश इसके अलावा नरेश दास पुत्र सुनील दास तथा जय दास पुत्र नमो चंद दास है कटरा कोतवाली के स्टेशन के पास से पुलिस ने सर्वप्रथम साबूज हुसैन को पकड़ा था इस की निशान देही पर बाकी इन तीन लोगों को प्रदीप सिंह के क्रेशर प्लांट से गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार शहर कोतवाली अंतर्गत कचहरी के पास से पवन कुमार विश्वकर्मा को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा इसी व्यक्ति के निशानदेही पर महेश कुमार बिंद पुत्र सोभनाथ बिन्द निवासी डेरवा थाना विंध्याचल रमेश केसरी पुत्र शिवपूजन केसरी निवासी गैपुरा थाना विंध्याचल पिंटू कुमार बिंद पुत्र सुद्धूकुमार बिंद निवासी थानीपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही को सामान सहित गिरफ्तार किया गया।

## भदोही समाचार

### प्रमोद यादव बने उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के अभोली ब्लॉक अध्यक्ष

**दुर्गागंज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक संगठन का चुनाव मंगलवार को अभोली ब्लॉक परिसर में हुआ। निर्वाचन अधिकारी सूर्यकांत मौर्य की देखरेख में हुए चुनाव में विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष पद पर प्रमोद यादव और ब्लॉक मंत्री पद पर श्रीश्याम बिहारी मनोनीत हुए। इसके अलावा संयुक्त मंत्री पद पर कमलेश चंद और कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार बिंद बनाए गए। नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव ने पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए शिक्षकों के हक में आवाज उठाने की अपील की। कहा कि संगठन की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

## जौनपुर समाचार

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**धर्मापुर।** जफराबाद थानाक्षेत्र के पिंडरा गांव में सोमवार की देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जफराबाद थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए कब्जे में ले लिया।

बताया जा रहा है कि पिंडरा गांव की प्रीति (28) पत्नी दशरथ गुप्ता सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद सोने के लिए चली गई। कुछ देर बात उसकी हालत गंभीर हो गई तो ससुराल के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर गए। वहां विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पर जफराबाद थाने की पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए शव को कब्जे में ले लिया।

थानाध्यक्ष जफराबाद श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। अब तक विवाहिता के मायके पक्ष की तरफ से किसी आरोप की तहरीर नहीं दी गई है। यदि तहरीर दी जाएगी तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## देवरिया समाचार

### सात से 21 मई तक भरे जाएंगे स्वगणना फॉर्म

**सिद्धार्थनगर।** कलक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व गणना और स्वगणना के सफल संचालन के लिए बैठक हुई।

डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि जनगणना 2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जाएगा। वहीं, सात से 21 मई तक स्वगणना फॉर्म भरे जाएंगे। इस अवधि में सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर मकानों के सूचीकरण और गणना कार्य किए जाएंगे। साथ ही स्वगणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी वेबसाइट पर दर्ज कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए।

## बलिया समाचार

### तीन केंद्रों पर होगी बोर्ड की छूटी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**बलिया।** माध्यमिक विद्यालयों के इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा देने का बोर्ड ने अंतिम अवसर प्रदान किया है। जिन छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा छूट गई है वे अपने ही विद्यालय पर नौ और 10 अप्रैल को परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। साथ ही एकल रूप से कहीं-कहीं छूटे हुए छात्र राजकीय इंटर कॉलज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कुंवर सिंह इंटर कॉज पर होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

इस आशय का पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता ने जारी किया है। राजकीय इंटर कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया है। इस केंद्र पर प्रयोगात्मक परीक्षक जियारत हुसैन, दुर्गा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, दुर्ग स्थान गाजीपुर व अरुल, राजकीय इंटर कॉलेज, बलिया हैं। इसी प्रकार राजकीय इंटर कॉलेज, बलिया में रसायन विज्ञान की प्रायोगात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके प्रयोगात्मक परीक्षक शैलेंद्र पाण्डेय, रामबचन विद्यास्थली इंटर कॉलेज भार पिपरीडीह, मऊ तथा अनिमेश कुमार मिश्र राजकीय इंटर कॉलेज, बलिया होंगे। इसी परीक्षा केंद्र पर जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा भी आयोजित की गई है। इसमें प्रयोगात्मक परीक्षा के परीक्षक अरुण श्रीवास्तव, हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल जौनपुर व दिनेश कुमार गौतम, राजकीय इंटर कालेज, बलिया होंगे। कुंवर सिंह इंटर कालेज, बलिया में भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें नीरज कुमार वर्मा, किसान बालिका इंटर कॉलेज एकडंगी कोयलसा आजमगढ़ और उमेश चंद्र पाण्डेय, जनता इंटर कॉलेज नगरा, बलिया प्रयोगात्मक परीक्षा के परीक्षक होंगे।

## आजमगढ़ समाचार

### युवक की ट्रेन से कटकर मौत, गांव में मातम

**आजमगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम पसिका गांव निवासी प्रियांशु मौर्य (22) अपने गांव के करीब दस लोगों के साथ काम के सिलसिले में ट्रेन से हैदराबाद जा रहे थे। प्रियांशु के पिता दीनानाथ मौर्य ने बताया कि पांच मार्च को ट्रेन जैसे ही महाराष्ट्र के चांदपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी, उसी दौरान एक वृद्ध महिला ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। मानवता का परिचय देते हुए प्रियांशु उसे सहारा देकर ट्रेन में चढ़ाने लगे। तभी ट्रेन ने सीटी दी और चल पड़ी। इसी दौरान प्रियांशु का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़े। देखते ही देखते वह ट्रेन की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव एंबुलेंस से प्रियांशु मौर्य गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया।

## सुल्तानपुर समाचार

### जिला कारागार में फंदे से लटका मिला बंदी का शव

**सुल्तानपुर।** जिला कारागार में पत्नी की हत्या के आरोप में निरुद्ध विचाराधीन बंदी धनपतगंज के चरथई निवासी नकछेद (45) की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन के मुताबिक वह बैरक नंबर 12 में बंद था। उसका शव प्रसाधन में प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से लटका मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कारागार अधीक्षक प्रांजिल अरविंद ने बताया कि नकछेद गत 25 मार्च से जिला कारागार में निरुद्ध था। सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे सूचना दी कि बैरक नंबर 12 के प्रसाधन में एक बंदी का शव प्लास्टिक की रस्सी से फंदे पर लटका मिला है। यह जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल की जांच की गई। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि उसने आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। हाई सिक्योरिटी क्षेत्र में हुई घटना की जांच भी की जा रही है। धनपतगंज के चरथई निवासी नकछेद पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी कुसुम की गत 24 मार्च को लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतका के चचेरे देवर राम नेवल कोरी की तहरीर पर धनपतगंज थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 25 मार्च को उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की नवनीत सिंह की कोर्ट से उसे जेल भेजा गया था। उसके तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा तिलक राज, दूसरे नंबर पर उदयभान और सबसे छोटी पुत्री दीक्षा घर पर ही थे। मां की हत्या व पिता की मौत के बाद अब बच्चों के सामने संकट खड़ा हो गया है।

जेल में पहले भी हो चुकी है घटना बीते 23 सितंबर को कादीपुर के रहने वाले अल्देमऊ नूरपुर निवासी विचाराधीन कैदी मो. सुभान (21) ने जेल में पेड़ पर चढ़कर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह 18 मार्च को कादीपुर के अल्देमऊ के एक मंदिर में घंटे व घंटियां चोरी के आरोप में जेल में बंद था।

### पेड़ से टकराई मैजिक, युवक की मौत

**चांदा।** महारानी पश्चिम गांव के पास मंगलवार दोपहर अनियंत्रित मैजिक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में मैजिक पर सवार प्रतापगढ़ के कन्धई, बेलखरनाथ निवासी तौसीर (24) की मौत हो गई। चालक मोहम्मद तारिफ (25) निवासी प्रतापगढ़ के लालगंज लीलापुर, साहबगंज बाजार व उनके साथ मौजूद लंभुआ के पापर निवासी तसलीम (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीपी कमैचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया।

## गाजीपुर समाचार

### पिता की पिटाई का बदला लेने के लिए की थी रामबचन की हत्या, गिरफ्तार

**गाजीपुर/दुबिहां।** करीब चार वर्ष पूर्व नेवादा गांव में हुए झगड़े में पिता की पिटाई का बदला लेने के लिए हत्यारोपी शक्तिनारायण राय ने हरदासपुर गांव स्थित कटरे के बरामदे में चौकी पर सो रहे रामबचन ठाकुर की धारदार हथियार से हत्या की थी। मंगलवार को मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। एएसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि तीन अप्रैल की रात हरदासपुर स्थित कटरे के बरामदे में चौकी पर सो रहे नेवादा गांव निवासी रामबचन ठाकुर की धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र चंदन ठाकुर की तहरीर पर गांव के पांच आरोपियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने तीन संदिग्धों को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी।

## गोरखपुर समाचार

### रात भर घरवालों ने की तलाश, सुबह कॉलेज की छत पर फंदे से लटका मिला किशोर का शव



**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम दामोदरा बैकुंठपुर में मंगलवार सुबह 15 वर्षीय किशोर का शव किसान इंटर कॉलेज भूपगढ़ की छत पर रेलिंग में बने कुंडे में फं-दे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।मिली जानकारी के अनुसार, बेसहनी निवासी कृष्ण मुरारी यादव का बेटा पवन यादव (15) अपनी मां के साथ ननिहाल में रहता था। सोमवार पूर्वाह्न 11 वह गेहूं काटने के लिए मजदूर ढूंढने घर से निकला था। देर शाम तक नहीं लौटा तो परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की। मंगलवार सुबह खोजबीन के दौरान घर के पास स्थित किसान इंटर कॉलेज भूपगढ़ की छत पर रेलिंग में बने कुंड में उसका शव अंगोछे के सहारे फंदे से लटका मिला। परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारकर घर लाया और पुलिस को सूचना दी। फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार रोशन ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

## चंदौली समाचार

### गंगा में डूबने से एलएलबी के छात्र की मौत, दो दोस्तों की बची जान

**चंदौली।** मुगलसराय क्षेत्र के कटेसर गांव स्थित गंगा नदी में मंगलवार को नहाने के दौरान एलएलबी छात्र की डूबने से मौत हो गई। उसके दो दोस्त बच गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची एनडीआरएफ टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। उसकी पहचान बिहार के सिवान जिले के अटका गांव निवासी सौरभ तिवारी (22) के रूप में हुई है। वह लखनऊ में रहकर एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। पिता विकास तिवारी ने बताया कि इकलौते बेटे सौरभ अपने दोस्त अमन यादव (दिल्ली) और प्रशांत सिंह (देवरिया) के साथ वाराणसी घूमने गया था। तीनों दोस्त नाव के जरिये दशाश्वमेध क्षेत्र के सामने कटेसर रेती घाट पहुंचे और गंगा में नहाने लगे। इसी दौरान सौरभ गहरे पानी में चला गया।

## सोनभद्र समाचार

### संविदा कर्मचारी अनशन पर, मांगें न मानी तो 9 से भूख हड़ताल



**सोनभद्र।** बिजली कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा कर्मियों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। अपनी विभिन्न मांगों के लिए कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर मंडल सचिव नितेश मौर्या की अध्यक्षता में क्रमिक अनशन किया। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो 9 अप्रैल 2026 से सभी निकाले गए कर्मचारी भूख हड़ताल शुरू करने को बाध्य होंगे। अनशन पर बैठे कर्मियों का कहना है कि लंबे समय से वे अपनी समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों के समक्ष आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ऐसे में उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी सभी मांगें पू-री नहीं हो जातीं, तब तक अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर उनका विरोध प्रदर्शन लगातार जा-री रहेगा। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि क्रमिक अनशन बुधवार तक जारी रहेगा। इसके बाद भी यदि विभाग की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की जाती है, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूख हड़ताल अंतिम विकल्प होगा। धरना-प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष ज्योति कुमार, जिला सचिव अभय पांडेय, हेमंत त्रिपाठी, राजनारायण, ज्ञानप्रकाश, महेन्द्र विश्वकर्मा, मोहन, तसउवर, गिरेन्द्र, उत्तम, जितेंद्र समेत अन्य संविदा कर्मी मौजूद रहे।

### रॉबर्ट्सगंज रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण शुरू

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को ओवरब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि रहे रॉबर्ट्सगंज संसदीय सीट के सपा सांसद छोटेलाल खरवार रहे।

वहीं दूसरी तरफ शिलान्यास कार्यक्रम से भाजपा के जनप्रतिनिधि नदारद रहे। उन्होंने इसकी कोई सूचना न होने को कारण बताया। रॉबर्ट्सगंज-रामगढ़ संपर्क मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है। लंबे समय से रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य की मांग चल रही थी।

## प्रयागराज समाचार

### करनाईपुर में थ्रेसर में गेहूं डाल रहा युवक अंदर चला गया, दर्दनाक तरीके से हुई मौत



**प्रयागराज।** करनाईपुर क्षेत्र के मिझुरा गांव में मंगलवार दोपहर 1:00 बजे ट्रैक्टर से गेहूं की मंड़ाई के दौरान 22 वर्षीय सुमित कुमार गौतम हादसे का शिकार हो गए।

बताया गया कि वह बोरी में गेहूं डाल रहे थे, तभी उनका हाथ थ्रेसर में फंस गया और युवक थ्रेसर के अंदर चला गया, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

बहरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना की खबर फैलते ही भारी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर इकट्ठा हो गए। मृतक के परिजन रो-रो कर बुरे हाल में हैं और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।

## मऊ समाचार

### पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, न करने पर होगी कार्रवाई



**मऊ।** जनपद में स्कूली वाहनों के सत्यापन को लेकर परिवहन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुहेल अहमद के नेतृत्व में एक टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली वाहनों का भौतिक सत्यापन किया।

विभाग ने upisvmp.com पोर्टल पर वाहनों का पंजीकरण अनिवार्य किया है।

इस अभियान के तहत एआरटीओ टीम ने 72 स्कूली वाहनों की जांच की। टीम ने अलीनगर, सिकठिया ओवरब्रिज, भुजौटी, झझवा और घोसी क्षेत्र के विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान वाहनों की स्थिति, फिटनेस और अन्य सुरक्षा मानकों का गहन निरीक्षण किया गया।

अभियान में प्रधान सहायक महमूद अहमद, तारा सिंह चौहान, आनंद कुमार सिंह और कनिष्ठ सहायक अमित कुमार भी शामिल रहे। अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन से वाहनों के आवश्यक दस्तावेज और सुरक्षा मानकों से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुहेल अहमद ने जनपद के सभी स्कूल प्रबंधकों से अपील की है कि वे अपने विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों का विवरण upisvmp.com पोर्टल पर जल्द से जल्द अपलोड करें। इसका उद्देश्य सत्यापन और निरीक्षण प्रक्रिया को समय पर पूरा करना है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो विद्यालय पोर्टल पर जानकारी अपलोड नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह विशेष अभियान छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

## लाइफ मंत्र

### 14 अप्रैल को खरमास खत्म, फिर गूंजेगी शहनाइयां, 19 अप्रैल को पहला विवाह मुहूर्त



14 अप्रैल को सूर्य के राशि परिवर्तन के बाद से फिर शादियों का दौर शुरू हो जाएगा। खरमास खत्म होते ही विवाह, देव प्रतिष्ठा, नूतन गृह निर्माण, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य 14 अप्रैल के बाद शुरू हो गए हैं। जिसके बाद मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास यानी मीन महीना खत्म हो गया है। इससे पहले 15 मार्च को सूर्य के मीन राशि में आने के बाद मीन मास चल रहा था। खरमास होने के कारण पिछले एक महीने से हर तरह के मांगलिक कामों पर रोक लगी हुई थी। लेकिन अब इनके लिए मुहूर्त रहेंगे। ज्योतिष ग्रंथों में कहा गया है कि जब सूर्य मीन राशि में रहता है तब इन दिनों में किसी भी तरह के शुभ काम नहीं करने चाहिए। इस दौरान सिर्फ जप, तप और स्नान-दान करना चाहिए। खासकर 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया का अबूझ मुहूर्त है, जिसमें बिना पंचांग देखे वि-वाह किए जा सकते हैं। मई का महीना भी शादियों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है।

इस दौरान गुरु और शुक्र की स्थिति अनुकूल रहने से वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है। 14 अप्रैल 2026 से विवाह का सीजन पुनः शुरू हो जाएगा, जो चातुर्मास के प्रारंभ तक जारी रहेगा। चातुर्मास देवशयनी एकादशी से प्रारंभ होकर देवउठनी एकादशी पर समाप्त होता है। देवउठनी एकादशी के अगले दिन तुलसी विवाह किया जाता है और इसके साथ ही शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। देवशयनी एकादशी 25 जुलाई 2026 को और देवउठनी एकादशी 20नवंबर 2026 को पड़ेगी। इसलिए, 25 जुलाई से 20 नवंबर 2026 के बीच कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। 19 अप्रैल से 29 जून तक विवाह के लिए कुल 24 मुहूर्त हैं। अक्षय तृतीया का पर्व 19 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन अबूझ मुहूर्त होने के कारण किसी भी शुभ कार्य के लिए अलग से मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है।

**17 मई से 15 जून तक अधिक मास**

17 मई से 15 जून तक अधिक मास रहेगा, जिसके चलते करीब एक माह तक विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। इसी कारण अक्षय तृतीया से पहले और इसी दिन बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। इन तीन माह में विवाह समारोहों की भरमार रहेगी।

**गृह प्रवेश विवाह और शुभ काम**

खरमास यानी मीन मास खत्म हो जाने से 16 संस्कार और अन्य शुभ काम किए जा सकते हैं। शुभ मुहूर्त और शुभ दिन में अन्नप्राशन, नामकरण, चूड़ाकर्म, विद्यारंभ और अन्य शुभ काम किए जा सकते हैं। सूर्य के मेष राशि में आते ही गृह प्रवेश और विवाह के भी मुहूर्त रहेंगे। अब देवगुरु बृहस्पति भी खुद की राशि यानी मीन में आ गए हैं। जिससे हर मांगलिक कामों में गुरु का बल और बढ़ जाएगा।

**14 अप्रैल से शुरू होंगे शुभ कार्यक्रम**

14 अप्रैल को होने वाली मेष संक्रांति सिर्फ खगोलीय घटना नहीं है। यह नए मंगल कार्यों की शुरुआत का संकेत है। जैसे ही सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं, मांगलिक कार्यों पर लगी रोक हट जाती है और विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण संस्कार जैसे आयोजनों की शुरुआत फिर से हो सकती है। आप भी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे तो अब समय आ गया है कि आप भी इन तिथियों में अपना मांगलिक कार्य संपन्न कर सकते हैं।

**विवाह के लिए अबूझ मुहूर्त**

विवाह और सगाई जैसे मांगलिक कार्यों के लिए अबूझ मुहूर्त को शुभ माना जाता है। अगर किसी के विवाह की तारीख नहीं निकल पा रही है या फिर किसी कारण से शुभ मुहूर्त वाले दिन विवाह करना संभव ना हो तो अबूझ मुहूर्त में भी विवाह किया जा सकता है। धर्मग्रंथों के अनुसार अक्षय तृतीया, बसंत पंचमी और देव प्रबोधिनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त माना गया है।

**विवाह का धार्मिक महत्व**

सनातन धर्म दुनिया के सबसे पुराने धर्मों में से एक है, जो कई प्रकार की परंपराओं और मान्यताओं से समृद्ध है। इस परंपरा में से एक शुभ विवाह भी है, यह जीवन का सबसे खुशनुमा पल होता है। विवाह कई तरह से किए जाते हैं, प्रत्येक के अपने-अपने रीति-रिवाज और महत्व होते हैं। हिंदू धर्म में यह 16संस्कारो मे से एक होता है और इसके बगैर कोई भी व्यक्ति ग्रहस्थाश्रम में प्रवेश नहीं कर सकता है। इसलिए हमारे शास्त्रों में विवाह को सबसे महत्वपूर्ण और कल्याणकारी माना जाता है।

**शुभ मुहूर्त–**

**अप्रैल 2026** - 19, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल

**मई 2026** - 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14 मई

**जून 2026**- 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 जून

**जुलाई 2026**- 1, 6, 7, 11 जुलाई

**नवंबर 2026** - 21, 24, 25 और 26 नवंबर

**दिसंबर 2026**-2,3, 4, 5, 6,11 और 12 दिसंबर

(कुछ पंचांग में भेद होने के कारण तिथि घट बढ़ सकती है और परिवर्तन हो सकता है।)

# भीषण गर्मी में Dehydration के ये Symptoms जानलेवा हैं, भूलकर भी न करें नजरअंदाज



गर्मी में पानी की कमी से होने वाला डिहाइड्रेशन एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसके शुरुआती लक्षणों में मुंह सूखना और गहरे रंग का पेशाब शामिल है। इन संकेतों को नजरअंदाज करने पर चक्कर, कमजोरी और ऑर्गन फेलियर जैसी जानलेवा स्थिति बन सकती है, इसलिए तुरंत पानी पीना आवश्यक है। जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ने लगता है, हम अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। गर्मी के मौसम में सबसे जरूरी है अपने शरीर में पानी की कमी न होने देना। अगर हम पर्याप्त पानी नहीं पीते, तो डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। यह सिर्फ मामूली प्यास नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जो मेडिकल इमरजेंसी बन सकती है। आसान शब्दों में कहें तो जब हमारे शरीर से पसीने के जरिए पानी ज्यादा निकलता है और हम उतना पानी पी नहीं पाते, तब डिहाइड्रेशन होता है।

**शरीर देने लगता है खतरे के संकेत**

हमारा शरीर बहुत समझदार है और पानी की कमी होने पर हमें चेतावनी देना शुरू कर देता है। सबसे पहला संकेत है बार-बार मुंह सूखना। इसके अलावा, अगर आपको महसूस हो कि पेशाब कम आ रहा है या उसका रंग गहरा पीला हो गया है, तो समझ जाइए कि शरीर को तुरंत पानी की जरूरत है। इन संकेतों को अनदेखा करना भारी पड़ सकता है।

**लापरवाही पड़ सकती है जान पर भारी**

डिहाइड्रेशन को हल्के में लेना जानलेवा भी हो सकता है। अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो शरीर के अंग काम करना बंद कर सकते हैं। ज्यादा थकान महसूस होना, चक्कर आना या कमजोरी लगना इसके गंभीर लक्षण हैं। गर्मी के इन दिनों में खुद को सुरक्षित रखने का सबसे आसान तरीका यही है कि आप प्यास लगने का इंतजार न करें और पूरे दिन थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।

**डिहाइड्रेशन को मात देने के अचूक उपाय**

गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप प्यास लगने का इंतजार न करें। पूरे दिन थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें और अपनी डाइट में तरबूज, खीरा और छाछ जैसी चीजें शामिल करें जो शरीर में पानी की कमी को पूरा करती हैं। सादे पानी के अलावा नारियल पानी या नींबू पानी लेना बहुत फायदेमंद रहता है। साथ ही तेज धूप में बाहर निकलने से बचें और चाय-कॉफी का सेवन कम करें, क्योंकि ये शरीर को जल्दी सुखा देते हैं। बस इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर आप भीषण गर्मी में भी खुद को फिट और हाइड्रेटेड रख सकते हैं।



# शादी से पहले Weight Loss का शॉर्टकट पड़ सकता है भारी, डॉक्टर्स ने बताई Ozempic इंजेक्शन की चौंकाने वाली सच्चाई

**वजन घटाने वाले इंजेक्शन का शॉर्टकट सेहत पर भारी पड़ सकता है, जिससे जी मिचलाना, कमजोरी और त्वचा में ढीलेपन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, ये दवाएं कॉस्मेटिक इस्तेमाल के लिए नहीं हैं और इन्हें छोड़ते ही वजन दोबारा बढ़ जाता है, इसलिए यह शादी के लिए स्थायी समाधान नहीं है।**

आजकल शादियों का सीजन आते ही दूल्हा-दुल्हन के बीच फिट दिखने की एक अलग ही होड़ मच जाती है। खुद को स्लिम दिखाने के चक्कर में कई लोग अब डाइट और एक्सरसाइज के बजाय शॉर्टकट रास्ता चुन रहे हैं। वे वजन घटाने वाले इंजेक्शन, जैसे सेमाग्लूटाइड और टिर्जेपेटाइड का सहारा ले रहे हैं। असल में ये दवाएं टाइप 2 डायबिटीज और मोटापे जैसी गंभीर बीमारियों के लिए बनाई गई हैं, लेकिन लोग इसे कॉस्मेटिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने लगे हैं।

**इंजेक्शन से वजन घटाने का नया ट्रेंड**

डॉक्टरों का कहना है कि उनके पास आने वाले हर 5 में से 1 मरीज ऐसी होने वाली दुल्हनें हैं, जो जल्द से जल्द वजन कम करना चाहती हैं। भारत में वजन घटाने वाली ये दवाएं ओजेम्पिक (Ozempic) और वेगॉवी (Wegovy) जैसे नामों से मिलती हैं। ये शरीर के नेचुरल हार्मोन की नकल करती हैं, जिससे भूख कम लगती है और पेट भरा-भरा महसूस होता है। हालांकि, एक्सपर्ट्स चेतावनी देते हैं कि ये दवाएं सिर्फ मेडिकल जरूरत के लिए हैं, न कि शादी में सुंदर दिखने के लिए।

**सेहत के लिए बढ़ सकता है खतरा**

अगर आप बिना किसी बड़ी बीमारी के सिर्फ पतला होने के लिए ये इंजेक्शन लेते हैं, तो इसके फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकते हैं। इसे लेने से जी मिचलाना, उल्टी, दस्त और बहुत ज्यादा थकान जैसी समस्याएं आम हैं। इतना ही नहीं, अगर सही पोषण न मिले तो शरीर में पानी की कमी और मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। कुछ गंभीर मामलों में तो ये किडनी और पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डाल सकती हैं।

**चेहरे पर पड़ सकता है बुरा असर**

तेजी से वजन घटाने का असर आपकी खूबसूरती पर उल्टा भी पड़ सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक, अचानक वजन कम होने से चेहरे की त्वचा लटक सकती है, जिसे 'ओजेम्पिक फेस' कहा जाता है। साथ ही, आपके बाल भी तेजी से झड़ सकते हैं। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि दवा छोड़ते ही वजन दोबारा बढ़ जाता है, इसलिए शादी के लिए यह कोई पक्का समाधान नहीं है।

**सही और सुरक्षित तरीका क्या है?**

डॉक्टरों की सलाह यही है कि खूबसूरती के लिए शॉर्टकट न अपनाएं। अगर आप वाकई फिट दिखना चाहते हैं, तो एक अच्छा डाइट प्लान, रोजाना एक्सरसाइज और भरपूर नींद ही सबसे बेहतर विकल्प है। इससे आपकी स्किन भी ग्लो करेगी और शरीर में कमजोरी भी नहीं आएगी। याद रखिए, ये इंजेक्शन तभी सही हैं जब कोई डॉक्टर आपकी सेहत को देखकर इन्हें जरूरी समझे।

# Summer में चाय-कॉफी पीने की लत हो सकती है जानलेवा, ये बदलाव बचा सकते हैं आपकी जान



गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए सही लाइफस्टाइल अपनाना बेहद जरूरी है, जिसमें प्यास लगने का इंतजार किए बिना नियमित पानी पीना, तरबूज-खीरा जैसे पानी से भरपूर फल खाना और चाय-कॉफी से परहेज करना शामिल है।

गर्मियों में डिहाइड्रेशन की समस्या आम है, लेकिन इसे हल्के में लेना जानलेवा साबित हो सकता है। अगर समय रहते इसपर ध्यान न दिया जाए, तो शरीर के अंग काम करना बंद कर सकते हैं और आपकी मौत हो सकती है।

हालांकि, इससे बचना बहुत मुश्किल नहीं है, बस आपको अपनी रोजमर्रा की आदतों में थोड़े से बदलाव करने होंगे। डिहाइड्रेशन से बचने और शरीर में पानी का लेवल सही रखने के लिए आप ये आसान तरीके अपना सकते हैं।

**पानी पीने का पक्का नियम बनाएं**

सबसे जरूरी बात यह है कि प्यास लगने का इंतजार न करें। जब हमें प्यास लगती है, तो इसका मतलब है कि शरीर पहले ही पानी की कमी महसूस कर रहा है। अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखें और हर आधे या एक घंटे में कुछ घूंट पानी पीते रहें। अगर आप सादा पानी पीकर बोर हो जाते हैं, तो उसमें नींबू या पुदीना डालकर उसे रिफ्रेशिंग बना सकते हैं।

**पानी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं**

सिर्फ पीने के पानी से ही नहीं, बल्कि खाने-पीने की दूसरी चीजों से भी आप हाइड्रेटेड रह सकते हैं। गर्मियों में ऐसे फल खाएं जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो, जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा और संतरा। ये न सिर्फ शरीर को ठंडा रखते हैं, बल्कि जरूरी विटामिन्स भी देते हैं। साथ ही, खाने में दही या छाछ को जरूर शामिल करें, क्योंकि ये पेट के लिए भी बहुत अच्छे होते हैं।

**चाय, कॉफी और धूप से दूरी बनाकर रखें**

कोशिश करें कि दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलें। अगर निकलना जरूरी हो, तो सिर को ढक कर रखें और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। एक और जरूरी बात यह है कि गर्मी में चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन कम से कम करें, क्योंकि ये शरीर से पानी को जल्दी बाहर निकालते हैं। इसकी जगह नारियल पानी या ओआरएस का घोल लेना कहीं ज्यादा फायदेमंद है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682